Result Mitra Daily Magazine

काश पटेल, अमेरिका के नए FBI निदेशक

➢ चर्चा में क्यों ?

- हाल ही में अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 30 नवंबर को संघीय जांच ब्यूरो (FBI, Federal Bueauro of Investigation) के निदेशक के रूप में भारतीय–अमेरिकी "कश्यप काश पटेल" को नामित किया है।
- काश पटेल, जो डोनाल्ड ट्रंप के पिछले कार्यकाल के दौरान उनके प्रशासन में अमेरिकी रक्षा विभाग के चीफ ऑफ स्टाफ रह चुके हैं, ट्रंप के वफादार के रूप में जाने जाते हैं।
- डोनाल्ड ट्रंप के पहले कार्यकाल में काश पटेल ने रक्षा विभाग में चीफ ऑफ स्टाफ के अलावा राष्ट्रीय खुफिया उपनिदेशक और आतंकवाद विरोधी वरिष्ठ निदेशक के रूप में भी कार्य किया है।
- काश पटेल वर्तमान FBI निदेशक "क्रिस्टोफर रे" का स्थान लेंगे, जिन्हें डोनाल्ड ट्रंप के द्वारा ही वर्ष 2017 में 10 वर्ष की अवधि के लिए नियुक्त किया गया था।

➢ "काश पटेल" कौन है ?

- कश्यप प्रमोद पटेल या काश पटेल का जन्म न्यूयॉर्क के लॉन्ग आइलैंड में गुजराती माता-पिता के यहां हुआ था।
- काश पटेल का पालन–पोषण एक हिंदू के रूप में हुआ, जिनका भारत के साथ बहुत गहरा संबंध है।

- काश पटेल ने रिचमंड विश्वविद्यालय से आपराधिक न्याय में स्नातक की डिग्री हासिल की तथा पेश विश्वविद्यालय से कानून की डिग्री हासिल की।
- काश पटेल ने यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन से अंतर्राष्ट्रीय कानून का प्रमाण–पत्र प्राप्त किया।
- काश पटेल ने वर्ष 2005 से 2013 के बीच फ्लोरिडा में एक काउंटी और संघीय सार्वजनिक रक्षक के रूप में कार्य किया।
- वर्ष 2014 में काश पटेल एक परीक्षण वकील के रूप में न्याय विभाग में शामिल हो गए।
- काश पटेल ने वर्ष 2017 में हाउस इंटेलिजेंस कमेटी के वरिष्ठ वकील के रूप में प्रसिद्धि हासिल की, जहां उन्होंने वर्ष 2016 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में रूसी भागीदारी की जांच में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।
- वर्ष 2019 में काश पटेल को डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में राष्ट्रीय सुरक्षा सहयोगी के रूप में नियुक्त किया।
- वर्तमान में काश पटेल ट्रंप मीडिया एंड टेक्नोलॉजी ग्रुप के बोर्ड में कार्यरत है।
- डोनाल्ड ट्रंप के कानूनी उलझनों के दौरान काश पटेल ने वर्ष 2022 में वर्गीकृत दस्तावेज मामले की जांच कर रही वाशिंगटन ग्रैंड ज्यूरी के समक्ष ट्रंप के समर्थन में गवाही दी थी।
- वर्ष 2020 में काश पटेल राष्ट्रपति चुनाव के परिणामों को पलटने के ट्रंप के प्रयासों पर सुनवाई करते हुए कोलोराडो अदालत में भी ट्रंप के समर्थन में रहे।

➢ संघीय जांच ब्यूरो (FBI) :

- संघीय जांच ब्यूरो यानि FBI, संयुक्त राज्य अमेरिका की डिपार्मेंट ऑफ जस्टिस की एक एजेंसी है, जो एक संघीय आपराधिक जांच निकाय और एक आंतरिक खुफिया एजेंसी के रूप में कार्य करती है।
- FBI के पास संघीय अपराध की 200 से अधिक श्रेणियों के उल्लंघन की जांच का अधिकार है।
- FBI का मोटो ईमानदारी, बहादुरी, अखंडता है।
- FBI की स्थापना 26 जुलाई 1908 को ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन के रूप में की गई थी।
- वर्ष 1932 में इसका नया नाम यूनाइटेड स्टेट्स ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन रखा गया।
- FBI का मुख्यालय जे एडगर हूवर बिल्डिंग वॉशिंगटन डीसी में स्थित है।
- FBI का पूरे संयुक्त राज्य अमेरिका में 56 क्षेत्रीय कार्यालय एवं 400 से अधिक स्थानिक एजेंसियां मौजूद है।
- वर्ष 1935 में इसका वर्तमान नाम FBI रखा गया।

- FBI के पहले निदेशक जे एडगर हूवर थे, जिन्होंने FBI निदेशक के पद पर 48 वर्ष तक काम किया।

➢ FBI की प्राथमिकताएं :

- आतंकवादी हमलों से संयुक्त राज्य अमेरिका की रक्षा करना।
- विदेशी खुफिया गतिविधियों और जासूसी के खिलाफ काम करना।
- साइबर आधारित हमले और उच्च तकनीकी अपराधों के खिलाफ काम करना।
- देश के अंदर सार्वजनिक भ्रष्टाचार के खिलाफ काम करना।
- इन सबके अलावा FBI संयुक्त राज्य अमेरिका के आपराधिक कानूनों का पालन करना और उन्हें लागू करना है।

रिजल्ट मित्र